राज्यपाल सचिवालय
राजभवन जयपुर

राजभवन में ई–कार्नर का उद्घाटन

राज्यपाल ने एस.बी.आई. के ए.टी.एम. का किया लोकार्पण

—

जयपुर, 28 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने मंगलवार को प्रातः यहां राजभवन में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा लगाये गए एटीएम की सुविधाओं ' ई कार्नर ' का लोकार्पण किया।

राज्यपाल श्री मिश्र ने फीता काटकर व पट्टिका का अनावरण कर ए. टी. एम. का शुभारंभ किया। राज्यपाल ने ए.टी.एम. मे अपना डेबिट कार्ड लगाकर नकद राशि निकाल कर एस.बी.आई. की ई सुविधाएं राजभवन में प्रारम्भ की। इस मौके पर राज्यपाल के सचिव श्री सुबीर कुमार और प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविन्द राम जायसवाल सहित एस.बी.आई. के मुख्य महाप्रबंधक श्री रविन्द्र पाण्डेय, महाप्रबधक श्री गोविन्द सिंह रावत, उप महाप्रबंधक श्री भजन लाल, क्षेत्रीय प्रबंधक श्री राम सिंह और मुख्य प्रबंधक श्री रघुनन्दन वशिष्ठ मौजूद थे।

राज्यपाल से लोग मिले – राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से मंगलवार को यहां राजभवन में राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा की कुलपति श्रीमती नीलिमा सिंह, जनगणना कार्य निदेशालय के निदेशक श्री सांवरमल वर्मा, भारतीय रेल के ए.जी.एम. श्री एस.के. अग्रवाल ने शिष्टाचार भेंट की। राज्यपाल श्री मिश्र को श्री सुरेश पाटोदिया ने जयपुर में दिल्ली रोड़ स्थित सदाशिव ज्योतिलिंगेश्वर महादेव का चित्र भेंट कर मंदिर के स्थापना दिवस समारोह का निमंत्रण दिया।

——

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क) राज्यपाल